हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 मई 2024

04 मैं जिऊंगा तो जनता के लिए, मरूंगा तो जनता के...



07 खंडी बावड़ी वीर हनुमान मंदिर मार्ग पर खुलेआम...





## कचरे का पहाड़: 7 करोड़ रुपए खर्च कर जून तक उठाना है 1 लाख 75 हजार टन, आधा भी नहीं उठा कचरा

# 40 फीसदी प्रोसेसिंग पूरी-हर रोज निकलता है 45 से 55 टन कचरा, दूर-दूर तक उड़ती हैं पॉलीथिन

इस कचरे में जो गीला कचरा होता है उससे तो नगर पालिका ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खाद बना रही है लेकिन जो सूखा कचरा है उसका मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी यूनिट (एमआरएफ) की मदद से निपटान किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दो दशक से भी अधिक समय से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर शहर से निकलने वाले कचरे को रखा जा रहा था। जब इसका काफी बड़ा ढेर हो गया तो इसके निपटान के लिए शासन स्तर से एक प्लान तैयार किया गया। इसके लिए एक टेंडर हुआ और अब संबंधित कंपनी इस कचरे को सबसे पहले अलग-



अलग करने में जुटी है। इस प्रोसेसिंग का 40 फीसदी काम तो पूरा हो चुका है लेकिन बाकी काम अभी होना है। इस काम को पूरा करने में जून तक का ही समय है। इस पर करीब 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 7 करोड़ की लागत से यहां रखे 1 लाख 75 हजार टन कचरे के निपटान का काम शुरू हो चुका है। अभी शहर में हर रोज करीब 45 से 55 टन कचरा निकलता है। इस कचरे में जो गीला कचरा होता है उससे तो नपा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खाद बना रही रही है लेकिन जो सूखा कचरा है उसका मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी यूनिट (एमआरएफ) की मदद से निपटान किया जा है।

**22.5 एकड़ में फैला है ट्रेंचिंग ग्राउंड :** ट्रेंचिंग ग्राउंड का जो एरिया है वह 22.5 एकड़ में फैला हुआ है। इसके काफी क्षेत्र में कचरा रखा हुआ है जो सालों से यहां पर रखा जा रहा है। इस कचरे के उठ जाने से यह मैदान भी दिखाई देने लगेगा।

### इस तरह से होता है कचरा अलग

इस पूरे काम को करने के लिए सबसे पहले कचरे के ढेर को समतल किया गया। इसके बाद से इस कचरे को अलग अलग करने की प्रक्रिया शुरू की गई। । इस कचरे से लोहा, प्लास्टिक, पॉलीथिन, मैटल, कांच, लकड़ी, पीतल, तांबा सहित अन्य धातुओं को अलग अलग कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी तरह के कचरे को रिसाइकिलिंग यूनिट में भेज दिया जाएगा।

### ये होंगे फायदे

ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरा उठ जाने से यहां पर कचरा रखने के लिए जगह बन जाएगी। अभी हवा चलने से कचरा उड़कर दूर खेतों में चला जाता है। खेतों में पॉलीथिन ही दिखाई देती हैं जिससे किसान परेशान होते हैं। इससे अब राहत मिल जाएगी। लोगों लंबे समय से राहत पाने का इंतजार कर रहे थे।

### नपा बना रही है कचरे से खाद

अभी शहर में हर रोज करीब 40 से 45 टन कचरा निकलता है। इस कचरे में जो गीला कचरा होता है उससे तो नगर पालिका ट्रेंचिंग ग्राउंड पर खाद बना रही है लेकिन जो सूखा कचरा है उसका मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी यूनिट (एमआरएफ) की मदद से निपटान किया जाता है।

### प्रोसेसिंग का काम चल रहा है

कचरे का निपटान किया जा रहा है। अभी प्रोसेसिंग का काम चल रहा है। शीघ्र ही पूरा कचरा उठ जाएगा।

**रमेश वर्मा,** एई नगर पालिका

## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव को लेकर मदिरा की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 5 मई की सांय 6 बजे से 7 मई को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई की सांय 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 4 जून को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा गत दिवस जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### 5 मई की शाम से सभाएं प्रतिबंधित

**सीहोर** । आदर्श आचार संहिता को देखते हुए हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए संसदीय क्षेत्र विदिशा एवं भोपाल के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बुदनी, इछावर, सीहोर के अंतर्गत चुनाव के 48 घंटे पूर्व 5 मई को शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति के आगामी 24 घंटे तक यानी कि 8 मई की शाम 6 बजे तक किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नुक्कड़ सभाएं एवं आमसभाओं को प्रतिबंधित किया है। इस अवधि में अभ्यर्थियों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकता है।

### विवि के लिए नीट प्रवेश परीक्षा 5 को

**सीहोर।** पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी तथा बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम के राज्य कोटा की सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश होगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आदेश अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। नीट प्रवेश परीक्षा 5 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5.20 बजे तक होगी।


### बाल विवाह रोकने के लिए बनाए दल

**सीहोर।** अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह आयोजनों या और कहीं भी होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कंट्रोल रूम स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर 07562221666 जारी किया है। आमजन इस नंबर पर बाल विवाह संबंधी सूचना दे सकते हैं।

## जल स्रोतों में कम होने लगा पानी:500 रुपए में बेचा जा रहा है टैंकर, प्रशासन ने तय नहीं किया दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मई की शुरुआत में ही सीहोर जिले में जल संकट ने दस्तक दे दी है। स्थिति यह हो गई है कि एक टैंकर पानी 500 रुपए में बेचा जा रहा है और अनेक स्थानों पर लोग रतजगा कर दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। प्रशासन ने सिर्फ पेयजल व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाई है, लेकिन पानी के टैंकरों के दाम तय नहीं किए गए हैं। जिसके कारण पानी बेचने वाले लोगों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। वहीं, जल संकट के समाधान की दिशा में फिलहाल प्रशासन कोई कदम उठाता नहीं दिख रहा। जिसके कारण लोगों के सामने दो ही विकल्प बचे हैं कि या तो वह महंगे दामों पर पेयजल खरीदें या फिर दूर से परिवहन कर पानी लेकर आएं। ग्रामीण क्षेत्रों में हालत सबसे ज्यादा खराब हैं क्योंकि जिले में अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री से अधिक चल रहा है जिसके कारण अधिकांश जलस्त्रोत सूख गए हैं और लोगों को पेयजल के लिए दूर-दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। नगरीय क्षेत्र में दो दिन के अंतराल में पेयजल प्रदाय किया जा रहा है, लेकिन



कई बार पेयजल प्रदाय के समय बिजली गुल हो जाती है। जिसके कारण लोगों को कई बार पांच दिन में एक बार पेयजल प्रदाय का लाभ मिल पाता है। मनकामेश्वर मंदिर के पास, बिजली घर चौराहा और उत्कृष्ठ विद्यालय के सामने रात के समय पेयजल भरने वाले लोगों की भीड़ आसानी से देखी जा सकती है। नगर में टाउन हाल के नजदीक स्थित स्टाप डैम, जीवन दायिनी सीवन नदी लगभग सूख चुकी है। जिसके कारण नगर में अनेक बोर, हैंडपंप और कुओं में पानी नहीं है। देखा जा रहा है कि सीवन नदी पूरी तरह सूख कर खेल मैदान जैसी बन गई है।


इस संबंध में एसडीएम तन्मय वर्मा का कहना है कि टैंकरों के दाम अधिक होने की जानकारी अभी मिली है। मामले में अधिकारी के साथ बैठक कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## घटिया डैम निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन अधिकारी बोले: कार्य सही तरीके से किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के तकीपुर में हो रहे डैम मरम्मत कार्य को लेकर ग्रामीणों ने आज इसमें घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

**45 लाख की राशि से निर्माण कार्य हो रहा :** जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग के माध्यम से डैम का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि तकीपुर में पहले से डैम बना हुआ था, जो कि कई सालों पुराना हैं। यह डेम बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया जिसका अब फिर से निर्माण किया जा रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि डैम का पूरा निर्माण किया जाए, अभी डैम का अधूरा निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है और डैम में जो शटर है उनकी भी ठीक तरह से मरम्मत नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की उन्हें भी व्यवस्थित रूप से लगाया जाए जिससे बारिश के समय डैम में पानी रुके कहीं से पानी लीकेज ना हो, साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के समय नदी में पानी अधिक रहता है। अगर इस तरह से घटिया निर्माण हुआ तो पहली ही बारिश में डैम फिर से क्षतिग्रस्त हो जाएगा और जो पानी रुकता है वह रुक नहीं पाएगा।

जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाएगा इस लिए डैम का पूरा निर्माण किया जाए, अभी अधूरा निर्माण किया जा रहा है, इस डैम के निर्माण ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। उनका कहना है कि विभाग के द्वारा मुझे डैम के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है । जिसका कार्य हमारे द्वारा व्यवस्थित रूप से अच्छा किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीओ जल संसाधन विभाग राहुल बामनिया का कहना है कि निर्माण कार्य सही है।

## सीहोर में सी-विजिल एप पर 120 शिकायतें चुनाव आयोग ने किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। सी-विजिल एप पर 16 मार्च से 2 मई तक आचार संहिता उल्लंघन की सीहोर में 120 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। राजन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

### 100 मिनट के अंदर की जाएगी कार्रवाई

राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा।

शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है।

इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर चुनावी विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

### 7 और 13 मई को श्रमिकों को अवकाश

**सीहोर।** निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त संसदीय क्षेत्रों में आम निर्वाचन कार्यक्रम-2024 जारी किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्रों 19-भोपाल एवं 18-विदिशा क्षेत्र अन्तर्गत सीहोर, बुधनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र में 7 मई और 13 मई संसदीय क्षेत्रों 21-देवास अन्तर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस 7 मई और 13 मई को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेदव हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन, आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

### ग्रामीणों को दिखा बाघ: लोगों ने पानी की तलाश में रहवासियों के इलाके में पहुंचने की आशंका जताई



**सीहोर।** जिले में जब से भीषण गर्मी का दौर शुरू हुआ है और तापमान लगातार 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। तभी से तेंदुए और बाघ कई स्थानों पर नजर आने लगे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि शायद वह पानी की तलाश में रहवासी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। जिले में 1 महीने के दौरान अब तक ऐसे 3 मामले सामने आ चुके हैं। जानकारी के अनुसार सबसे पहला मामला लाड़कुई क्षेत्र के अंतर्गत किशनपुर से सामने आया था। जहां एक तेंदुआ ग्रामीण के घर में जाकर बैठ गया था और मुश्किल से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद रेहटी के पास सूखी नदी में बाघ और तेंदुआ नजर आए थे और अब ताजा मामला कोलार डैम के पास से सामने आ रहा है। बताया गया है कि बुधनी क्षेत्र में लगातार बाघ की मूवमेंट देखी जा रही है। जहां पूर्व में रेहटी क्षेत्र में बाघ को दिखने की खबरें सामने आई। तो वहीं कुछ दिन पूर्व ग्राम सेमरी के पास रोड क्रॉस करता बाघ देखा गया था। जिसमें एक ग्रामीण ने पेड़ पर चढ़कर अपने आप को बचाया था। वही लाड़कुई से भोपाल जाने के दौरान कुछ ग्रामीणों को वीरपुर डैम कोलार नदी के समीप बाघ देखा गया। बाघ को देख ग्रामीणों द्वारा एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमें रोड के नजदीक बाघ को खड़ा देखा जा सकता है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा

# लोगों को नेशनल लोक अदालत के फायदे बताने के लिए हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नेशनल लोक अदालत 11 मई के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रांगण से प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथो (वाहनों) को रवाना किया गया। प्रचार वाहनों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से सीहोर के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जावेगा।

साथ ही विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं




प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के रखे जाने एवं निराकरण के सम्बंध में बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये गये। उक्त कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश संजय गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम.के. वर्मा, अभिलाष जैन तृतीय जिला न्यायाधीश, अर्चना नायडू बोडे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्यालय सीहोर पर पदस्थ अन्य न्यायिक अधिकारीगण, विद्युत विभाग के महाप्रबंधक सुनील कुमार खरे एवं अन्य अधिकारीगण, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, न्यायालयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस प्रेस नोट के माध्यम से 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण समझौता/सहमति के आधार पर कराया जाकर प्राप्त होने वाली छूटों का लाभ उठाने की अपील की जाती है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर एवं तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा, नसरूल्लागंज, बुदनी एवं इछावर से सम्पर्क किया जा सकता है।


## फाउंडेशन व इंटर की परीक्षा अब साल में तीन बार होगी सीए की परीक्षा में किया बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर सीए के लिए होने वाली परीक्षा में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बड़ा बदलाव किया है। सीए फाउंडेशन एवं इंटर की परीक्षा अब साल में तीन बार (मई/जून, सितंबर एवं जनवरी) में होगी। अभी तक यह परीक्षा साल में दो बार होती थी। इससे स्टूडेंट को एक परीक्षा देने के बाद दूसरी के लिए 6 महीने इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आईसीएआई ने पिछले दिनों इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। हालांकि सीए की फाइनल परीक्षा में बदलाव नहीं किया है। फाइनल की परीक्षा पहले की तरह साल में दो बार (मई और नवंबर) में होगी। बता दें कि सीहोर जिले से हर साल 300 से ज्यादा विद्यार्थी सीए की

### अब ऐसे होगी परीक्षा

जो विद्यार्थी सितंबर में होने वाली




फाउंडेशन की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं उन्हें 1 मई 2024 के पहले पंजीयन कराना अनिवार्य है। सीए इंटर में जो विद्यार्थी 1 जनवरी 2024 तक पंजीकृत हो चुके हैं उन्हें इस साल सितंबर में परीक्षा देने की पात्रता रहेगी। परीक्षाओं में शामिल होते हैं। कर सलाहकार संघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आईसीएआई के फाउंडेशन और इंटर की परीक्षा में बदलाव की घोषणा की गई है। पिछले दिनों आदेश भी जारी हो चुके हैं। अब स्टूडेंट को अगली परीक्षा के लिए छह महीने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। तीन महीने में एग्जाम हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए अन्य वैकल्पिक दस्तावेज

**सीहोर।** मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान केन्द्र पर पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के आलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेगें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए जो 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किये है उनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी) फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड हैं। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है।

### जनसमूह को संकल्प भी दिलाया कि मतदान करने के लिए वे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

# मैं जिऊंगा तो जनता के लिए, मरूंगा तो जनता के लिए: चौहान

आपके बीच कोई नेता नहीं मामा आया है। मेरे जीवन का लक्ष्य है आपके जीवन की स्थिति और बेहतर कैसे हो सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए इस समय चुनाव प्रचार चरम पर है। विदिशा लोकसभा सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। वे हर दिन विदिशा लोकसभा सीट सहित प्रदेश की अन्य सीटों पर भी चुनावी जनसभाओं में शामिल होकर भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। विदिशा लोकसभा क्षेत्र में भी लगातार जनसंपर्क, चुनावी संभाएं कर रहे हैं।

इस दौरान उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रचार-प्रसार में जुटी हुई हैं। विदिशा लोकसभा क्षेत्र की बुधनी विधानसभा के रेहटी में आयोजित जनसभा में भी शिव संग साधना ने मोर्चा संभाला। इससे पहले रेहटी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह का भाजपा सलकनपुर मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके बाद महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित अन्य मोर्चाओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। हमेशा की तरह कन्या पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



इसके बाद मंच पर स्वागत सत्कार हुआ।

### शिवराज सिंह चौहान ने कहा, उनका जीवन तो अपनी जनता की सेवा करने के लिए है

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वे एक बार फिर अपने परिवार के बीच में आए हैं और इस बार सभी का भरपूर आशीर्वाद चाहिए। विकास की कमी न पहले रहने दी और न ही आने वाले समय में होगी। विकास का पहिया हमेशा घूमता रहेगा। उन्होंने कहा कि जो विकास मध्यप्रदेश के साथ बुधनी का हुआ है वह अकल्पनीय है। यदि कोई और होता तो नहीं होता इतना विकास। शिवराज सिह चौहान ने कहा कि उनका जीवन तो अपनी जनता की सेवा करने के लिए हुआ है। मैं जिउंगा तो जनता के लिए और मरूंगा तो जनता के लिए ही मरूंगा। ये जनता ही मेरी भगवान है और मै इसका पूजारी हूं। 18 साल तक जमकर विकास किया है और आगे भी यह विकास का पहिया घूमता रहेगा। इस दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मतदान करने की अपील की एवं उपस्थित जनसमूह से संकल्प भी दिलाया कि सभी संकल्प लें कि वे अपने मताधिकार का पूरा प्रयोग करेंगे।

### ये अपना परिवार है, आज भाषण नहीं बात करेंगे

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सब आपस में भाई-भाई हैं और कुछ का मैं मामा हूं। आज आपके बीच कोई नेता नहीं मामा आया है। मेरे जीवन का लक्ष्य है आपके जीवन की स्थिति और बेहतर कैसे हो सके। कम उम्र में ही मैंने लोगों के लिए लड़ना शुरू किया। बुधनी वाले गवाह हैं मैंने कितने आंदोलन और प्रदर्शन किए हैं। मन में एक संकल्प जागा कि अपने लिए जीये तो क्या जीये, ऐ दिल तू जी औरों के लिए। पहले विधायक के रूप में सेवा की, इसके बाद आपने सांसद बनाया। पदयात्रा और साइकल यात्रा की, कांग्रेस की सरकार से लड़ता था। बाद में मुझे आपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला। रेहटी में हुई जनसभा में सांसद रमाकांत भार्गव, जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, वरिष्ठ नेता रामगोपाल टेलर, रामनारायण साहू, आसाराम यादव, अनार सिंह चौहान, मनोहरलाल माहेश्वरी, रामसजीवन यादव, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष वनबीर सिंह चंद्रवंशी, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चेतन सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश राजपूत, गोपाल मुकाती, रिखीराम यादव, पुरूषोत्तम यादव, अरविंद दुबे, भगवत सिंह ठाकुर, दिनेश साहू, कैलाश कीर, महेंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष पाल, विपिन केवट, नीतेश साहू, नगर परिषद की उपाध्यक्ष अर्चना राजीव शर्मा सहित पार्षद, पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बुधनी विधानसभा में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका :** बुधनी रेहटी के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केशव चौहान अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हो गए। केशव चौहान लंबे समय से कांग्रेस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जिला प्रवक्ता, प्रदेश सचिव पद पर एवं सलकनपुर ट्रस्ट के सदस्य रहे हैं।

# जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को करें जागरूकः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण में विदिशा एवं भोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के जिले के सभी मतदान केंद्रों में चलें बूथ की ओर अभियान 1 मई से प्रारंभ हो गया है। चौथे चरण में देवास के लिये यह अभियान 7 मई से शुरू होगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में चलें बूथ की ओर अभियान के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि पूरे जिले में मतदाता जागरूकता की गतिविधियों व्यापक स्तर पर आयोजित कि जायें और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाये ताकि आगामी 7 मई को जिले के मतदाताओं द्वारा सर्वाधिक मतदान किया जा सके।

कलेक्टर सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तीसरे दिन जिले की चारों विधानसभाओं में अनेक मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों में मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, बैनर, होडिग्स, कटआउट, पेंटिंग,दीवार लेखन, खेल, निबंध, बाद-विबाद के साथ ही घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की जा रही है तथा मतदाताओं के घर के द्वार पर पीले चावल रखकर मतदान के लिए आंमत्रित किया जा रहा है। बूथ को चले अभियान के तहत रेहटी नगर के वार्ड 3 मे स्व सहायता समूह कि महिलाओ द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत महिलाओं की बैठक कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया एवं शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। ग्राम निपानिया कला में मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। ग्राम पिपलानी की सभी शालाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। मतदान केंद्र क्रमांक 323 एवं 324 गोपालपुर मे प्रभात फेरी और मानव श्रृंखला बनाई गई। शासकीय हाई स्कूल ग्राम तीनोनिया मे मतदान केंद्र 46 एवम 47 पर मतदाताओं को 100 प्रतिशत मतदान करने के




लिए मानव श्रृंखला बनाई एवं ढोल बजाकर प्रभात फेरी निकाली गई।

ग्राम खेरी में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। चलें बूथ की ओर अभियान के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक में मतदाता जागरूकता के तहत छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली और कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की इसी प्रकार शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोर में भी मतदाता जागरूकता के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय सुभाष हायर सेकेण्डरी स्कूल वार्ड नंवर 10 में मतदाता जागरूकता के तहत मानव श्रृंखला बनाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भैरुंदा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ के अंतर्गत ग्राम हथीघाट, खानपुरा, नंदगांव, बड़ोदिया, तिलाडिय, गांव मै समुह की दीदियों के ने मतदाता जागरूकता के अंतर्गत, बैठक आयोजित कर मतदान की शपथ दिलाई और रैली निकालकर 100 प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत बांया में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। आष्टा नगर परिषद द्वारा भी मतदाता जागरूकता के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीएम राइज स्कूल इछावर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम नाईहेडी, जानपुर बावडिया, रोला, छतरी, चांदबड़ जागीर, मंडखेड़ा अनुभाग 3 सिकन्दरपुर, बिजौरा एवं बकतल में मतदाता जागरूकता के तहत अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी के तहत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सभा राखी गयी जिसमें एनआरएलएम की दीदीयो ने शपथ लीं की मतदान हमारा अधिकार है हम सब मिलकर मतदान करेंगे और सभी को मतदान करवाएंगे और जिले को नंवर 1 बनाएंगे।

## मानव श्रृंखला और प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को मतदान करने किया जागरूक

**इछावर।** जिलेभर में स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकताजिसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रंगोली, पोस्टर, मानव श्रंखला, रैली आदि गतिविधियां आयोजित कर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कडी में गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में मानव श्रंखला एवं प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया साथ ही आगामी 7 जून को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के निर्देशन एवं बीआरसीसी , विकासखंड शिक्षा अधिकारी और तसीलदार के मार्गदर्शन में नगर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान मतदाताओं के बीच जाकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मानव श्रृंखला बनाकर किया गया। जिसमें नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं बच्चे सम्मिलित हुए ।मानव श्रृंखला का निर्माण एवं रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए उन्हें अधिक से अधिक मतदान के लिए प्ररित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को जन जागरूकता हेतु नगर में रवाना किया। रैली सीएम राइस विद्यालय






से प्रारंभ होकर खेड़ी पुरा से होते हुए पुराना बस स्टैंड , पान चौराहा से होती हुई सी एम राइस विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान डीईओ ने उपस्थित सभी कर्मचारियों , बच्चो को मतदान के लिए मतदाता को प्रेरित करने की अपील एवं मतदान का महत्व बताने की बात कही। कार्यक्रम संचालन रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मराज , बीएसी शैलेंद्र सिंह ठाकुर , नरेंद्र कुमार सोलंकी, अशोक कुमार मालवीय , सुरेश कुमार जायसवाल , अतुल सेन चुन्नीलाल परमार , मॉडल स्कूल प्राचार्य लखन लालदुगरिया आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

**ग्रामीण मतदाताओं को भी किया जागरूक :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक के गांव नादान , इमलीपठार , समापुरा, ब्रिजीशनगर सहित कई अन्य गांवों में स्कूल के छात्र - छात्राओं और शिक्षकों ने मानव श्रृंखला एवं प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। उनसे मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की। इस दौरान नादान स्कूल प्रभारी स्वरूप सिंह गोफनिया , कमलसिंह मालवीय , मेहरवान सिंह प्रजापति , अब्दुल अनीस , जगदीश बारेला , शिवानीद , दलीप पटेल , नंदलाल जयसवाल , हरिनारायण वर्मा , कल्याण सिंह ठाकुर , राजाराम वर्मा आदि शामिल थे।

## खेतों पर पहुंचकर दिया जा रहा है सभी किसान महिला-पुरुषों को मतदान करने का न्योता



**सीहोर।** ग्राम चंदेरी में मजदूर किसान बहनों को किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा द्वारा प्याज के खेत में मजदूरी कर रही सभी महिलाओं को आगामी लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण को मतदान दिवस के रूप में मनाते हुए भसी बहनों को मतदान करने की शपथ दिलाई। सभी किसान मजदूर बहनों ने विश्वास दिलाया कि पूर्ण रूप से मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है, हम अपनी मजदूरी छोड़कर अधिक से अधिक मतदान करेंगे।

## भोपाल लोकसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, मतदाता गतिविधियों की ली जानकारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रूबल अग्रवाल ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतरोनिया, अहमदपुर, अजमतनगर, नाईहेडी सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने उपस्थित सहायक रिटर्निंग अधिकारी तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान केन्द्रों में पर्याप्त छाया, पानी तथा मतदाताओं को बैठने के लिए कुर्सियों की




व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाई जा रही स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी ली। निरिक्षण के दौरान जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एसडीएम के नेतृत्व में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**भैरूंदा।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशन में सीहोर जिलेभर में लगातार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। 7 मई को विदिशा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इसी कड़ी में जिले के भैरूंदा स्थित शासकीय कन्या शाला, सीएम राईज, शासकीय नवीन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में गांव चलो, मतदान करो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर सीएम राईज के प्राचार्य शैलेंद्र लोया, ब्लाक शिक्षा अधिकारी, नवीन शासकीय स्कूल प्राचार्य चित्रा पचौरी, कन्या शाला स्कूल प्राचार्य सहित अर्जुन सिंह सोलंकी अजा कन्या शाला सहित इन स्कूलों का स्टॉफ मौजूद रहा।

### अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# शिविर श्रमिक देश के विकास की रीढ़ हैं, उन्हें सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ मिलना ही चाहिए : एमके वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय सतीश चंद्र शर्मा सर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर लायन फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड जिला सीहोर में श्रमिकों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एमके वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जिला श्रम अधिकारी प्रियंका बंशीवाल, पवन कुमार प्रेसिडेंट ऑपरेशनद्ध लायन फैब्रिक एवं श्रमिकगण उपस्थित रहे। एमके वर्मा द्वारा कहा गया कि श्रमिक देश के विकास की रीढ़ है। उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिलना





चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु हमेशा तत्पर है। श्रमिकों का देश को विकसित बनाने में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उक्त कार्यक्रम में श्रमिकों के अधिकारों, संबंधित विधिक प्रावधानों, श्रमिकों से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं, निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, नालसा एवं सालसा की योजनाओं आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। श्रमिकों के प्रश्नों का उत्तर तथा समस्याओं के लिए यथोचित परामर्श भी दिया गया।

## पानी की किल्लतः ग्रामीण कई किलोमीटर दूर से ढोकर पानी लाने को मजबूर हुए

**सीहोर।** जनपद पंचायत के ग्राम जता खेड़ा में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम जता खेड़ा में पीने के पानी भरने का स्त्रोत ट्यूबवेल पंप है, जिसका पानी एक छोटी टंकी में इकट्ठा



होता है। टंकी से ग्रामीण अपने वाहनों या सिर पर रखकर पीने का पानी भर कर ले जाते हैं। ट्यूबवेल पंप खराब होने के कारण टंकी में पानी नहीं भरा जा रहा है जो कि बीते दो दिनों से खराब हो गया है, इस कारण ग्रामीणों को दूर दराज से पीने का पानी भरकर लाने को मजबूर हो रहे हैं। ग्राम जताखेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो दिनों से ट्यूबवेल खराब होने के कारण टंकी में पानी नहीं भरा पा रहा है, टंकी सूखी पड़ी है, इस कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।

सीएमएचओ से मांगा जवाब, महिला डॉक्टर पिछले 19 दिन से छुट्टी पर

# डिलीवरी के दौरान पैसे मांगने व प्रसूता की मौत पर लोकायुक्त ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला चिकित्सालय राजगढ़ में लाचार चिकित्सा सिस्टम से शासन की छवि लगातार खराब हो रही है। वहीं 10 अप्रैल को डॉक्टर की लापरवाही से 20 वर्षीय ज्योति वर्मा पति रवि वर्मा निवासी पढ़ाना की मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने डॉ आकांक्षा व नर्सो पर पैसे लेने का आरोप लगाया था। वहीं परिजनों ने लोकायुक्त में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। इसके बाद लोकायुक्त ने संज्ञान लिया है और सीएमएचओ राजगढ़ व सिविल सृजन से जवाब मांगा है। लोकायुक्त ने दिनांक एक अप्रैल से घटना तक ड्यूटी पे रहने वाले डॉक्टर व नर्सो की रिपोर्ट मांगी है। हरिभूमि जिला चिकित्सालय राजगढ़ में प्रसूताओं के साथ पैसों की मांग व रेफर को घटनाओं को लगातार प्रकाशित कर रहा है।

## क्या था मामला

पढ़ाना निवासी ज्योति वर्मा की सोमवार को डिलीवरी हुई थी जिसकी बुधवार को डॉक्टर के समय पर न आकर देखने के कारण मौत हो गयी थी जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल मे हंगामा किया। ज्योति के पति ने महिला डॉक्टर द्वारा बीस हजार रूपए लेंने का आरोप लगाया। बता दे ये कोई पहला मामला नही हे जब किसी मासूम को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, लगातार आमजन व जनप्रतिनिधियों मे आक्रोश व्याप्त हे लेकिन यहां की महिला डॉक्टरों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।


प्रसूता की मौत मामले की जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे अधिकारी

डिप्टी कलेक्टर से बोली प्रसूताएं 'सर यहां सभी से लिए जाते हैं रुपए'

आरोप- सीजर के लिए पैसे दो नहीं तो प्रसूता को कर देते हैं रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल की प्रसूती विंग में प्रसूता महिलाओं से रुपए, पैसे लेकर डिलेवरी एवं ऑपरेशन किए जाने के मामले नए नहीं हैं। खुलेआम चल रहे रिश्वत के इस खेल का एक ओर नया सबूत गुरुवार को अधिकारियों के जांच में सामने आ गया। बुधवार शाम चिकित्सक एवं स्टाफ की लापरवाही के चलते पढ़ाना निवासी प्रसूता ज्योति पत्नी रवि वर्मा की मौत हुई थी। परिजनों ने भी इसको लेकर रात में काफी हंगामा मचाया। गुरुवार को कलेक्टर के निर्देशों पर डिप्टी कलेक्टर सुशील शर्मा, एसडीएम गुलाब सिंह बघेल सहित क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव जांच के लिए पहुंचे तो यहां एडमिट लगभग हर प्रसूता ने डिलेवरी के लिए किसी से 1 हजार, किसी से डेढ़ हजार तो किसी से 5 हजार रुपए लेने की बातें बताईं।

प्रसूता एवं उनके परिजनों ने अधिकारियों एवं विधायक को बताया कि जिला अस्पताल में जो भी डिलेवरी केस आता है उसके लिए लगभग सभी से पैसे लिए जाते हैं। सीजर करने के लिए पांच हजार रुपए लगभग फिक्स है। अगर परिजन रुपए देने से मना कर देते हैं तो कुछ भी कारण बताकर प्रसूता को रेफर कर दिया जाता है।

अधिकारियों से बिलखता हुआ बोला पति इन्हें सजा दिलाओ

जिला अस्पताल में एडमिट प्रसूता ज्योति वर्मा की सोमवार को डिलेवरी हुई थी। दो दिनों से उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि वे शाम 4 बजे से डॉक्टर, स्टाफ को बुला रहे थे लेकिन कोई नहीं आया। तब तक ज्योति तड़पती रही और देर शाम उसकी मौत हो गई। मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम को मामले की जांच के लिए पहुंचाया। मृतिका की चाची ने अधिकारियों से बयान में कहा कि हमने काफी बुलाया लेकिन इलाज के लिए कोई महिला डॉक्टर और न ही नर्स आई। मृतिका के पति रवि ने बिलखते हुए अधिकारियों से कहा कि सर, आप इन्हें सजा दिलाइये। अगर मेरी पत्नी को समय पर इलाज मिल जाता तो आज वो जिंदा होती। अधिकारियों ने यहां मृतिका के पति रवि सहित उसकी चाची और ससुर के बयान दर्ज किए।

विधायक बोले अब अति हो गई मैं छोड़ूंगा नहीं

मामले की जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंचे विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि पूरे अस्पताल का ढर्रा खराब कर रखा है। लेकिन, अब तो हर प्रसूता से खुलेआम पैसों की डिमांड की जा रही है। इस मामले में जो भी दोषी हैं मैं उन्हें छोड़ूंगा नहीं। भोपाल में उच्चाधिकारियों तक यह बात पहुंचऊंगा। इस संबंध में जिला अस्पताल राजगढ़ के सीएस नितिन पटेल का कहना है कि डिप्टी कलेक्टर और एसडीएम साहब मामले की जांच करने आए थे। उन्होंने परिजनों के बयान लिए हैं। प्रशासन द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही की जाएगी।

## जिला प्रशासन के सुस्त रवैये से आमजन में आक्रोश

जिला अस्पताल राजगढ़ अवयवस्थाओं व असुविधाओं का केंद्र बन गया है। सोशल प्लेटफ्रॉम में आमजन लगातार सरकार को घेर रहे हैं और दोषी डॉक्टर जो लगातार पैसे लेने मे सामने आ रही हैं उन्हे हटाने की मांग कर रहे हैं। दोनों डॉक्टर वर्तमान में मेडिकल पे छुट्टी पे हैं जबकि आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे मे एक दिन पहले तक जो धड़ल्ले से प्रसूताओं से पैसे मांग रही थी उन्हे छुट्टि कैसे दे दी ये बड़ा स्वाल है। वहीं जिला प्रशासन की सुस्तता से स्वास्थ विभाग निडर है।

### 2 नर्से सस्पेंड, 5 का वार्ड बदला 2 चिकित्सक होंगी निलंबित

प्रसूती विंग में चल रही रुपयों के खेल पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल की प्रसूती विंग में सालों से चल रहे रिश्वत और रुपयों के खेल पर शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई हुई है। अधिकारियों द्वारा करवाई गई मामले की संपूर्ण जांच एवं सोशल मीडिया पर जारी रिश्वत के वीडियो को संज्ञान में लेकर सालों से राजगढ़ जमी दोनों गायनिक महिला चिकित्सकों डॉ. आकांक्षा सिंह एवं डॉ. पूजा तिवारी को निलंबित करने का प्रस्ताव स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल भिजवाया गया है।

इसके साथ साथ ही 2 स्टाफ नर्सो को सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। निलंबित हुई नर्सो में राधा नागर एवं सीमा मंडरा शामिल हैं। गुरुवार को एक प्रसूता की मौत के मामले में बरती गई गंभीर लापरवाहियों पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुशील शर्मा, एसडीएम गुलाब सिंह बघेल सहित तहसीलदार व अन्य की टीम द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई गई थी। जांच दल द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर को अपना प्रतिवेदन सौंपते हुए उक्त लापरवाहों पर कार्रवाई प्रस्तावित की। इसके बाद दोनों महिला चिकित्सकों


प्रसूता की मौत मामले की जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे अधिकारी
डिप्टी कलेक्टर से बोली प्रसूताएं 'सर यहां सभी से लिए जाते हैं रुपए'

एवं स्टाफ नर्सो पर यह गाज गिरी है।

इन पांच नर्सो को डिलेवरी विंग से हटाया

गंभीर लापरवाहियों पर डिलेवरी विंग के स्टाफ में शामिल 5 नर्सो का वार्ड बदल दिया गया है। इन्हें यहां से दूसरे वार्ड में भेजा गया है। इन नर्सो में रीना वर्मा, धनवंती निवारे, पूजा मीणा, रक्षा तिरकाम एवं रिंकी चौरसिया शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल की डिलेवरी विंग मरीजों, परिजनों से रुपए-पैसे लिए जाने की लगातार शिकायतों के चलते हमेशा चर्चा में रही है।

**जानकारी दे दी...**

दोनों महिला डॉक्टर मेडिकल पर हैं। लोकायुक्त ने हमसे जो जानकारी मांगी थी वह हमने उन्हें दे दी है।

डॉ किरण वाडिवा, सीएमएचओ राजगढ

**जानकारी लेता हूं...**

आपने मुझे स्थिति के बारे में अवगत कराया है। मैं इस मामले की जानकारी लेता हूं।

दिनेश श्रीवास्तव, संचालक स्वास्थ्य विभाग मप्र

पुलिस और आबकारी विभाग का नहीं इस ओर कोई ध्यान

# खंडी बावड़ी वीर हनुमान मंदिर मार्ग पर खुलेआम बिक रही कच्ची शराब

## दर्शनार्थी आते-जाते शराब की बदबू से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर में जगह-जगह कच्ची शराब बिक्री का व्यापार खुलेआम चल रहा है। आदतन शराबी कच्ची शराब को पीकर अपनी सेहत बिगाड़ रहे हैं। ऐसी ही एक जगह वीर हनुमान मंदिर खंडी बावड़ी मार्ग पर कुछ घरों में खुलेआम कच्ची शराब बे रोक टोक बेची जा रही है। पुलिस प्रशासन या आबकारी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इसी रास्ते से हनुमान मंदिर दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालु जन भी आते जाते हैं। वहीं कच्ची शराब की बदबू से मुंह पर रुमाल डालकर प्रशासन को कोसते हुए निकल जाते हैं। हालांकि कुछ श्रद्धालु जनों ने पहले भी इस मामले की शिकायत जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से की है लेकिन कोई असर दिखाई नहीं दिया। अब ऐसे में कच्ची शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद है और खुलेआम जहर बेच रहे हैं यहां तक कि उनको आदर्श आचार संहिता का भी डर नहीं है। खंडी बावड़ी हनुमान मंदिर मार्ग पर पहले महिलाएं रास्ते में खुले में शौच करती हुई दिखाई देती थी लेकिन नगर परिषद की सख्ती के चलते खुले में शौच करने की समस्या से तो यहां मार्ग मुक्त हो गया है, लेकिन अब इसी मार्ग पर खुले में कुछ घरों में कच्ची शराब बेची जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन ओर आबकारी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं गया है।

**कार्रवाई की जाएगी**

पुलिस की टीम भेजकर और जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आरएस धाकड़
थाना प्रभारी खिलचीपुर।

# भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर स्थित पीटी कंपनी में मुनिसुव्रतनाथ जिनालयल में शुक्रवार को भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। जिसमें सुबह 7 बजे अभिषेक,शांति धारा की की गई। जिसके बाद 8 बजे से श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान पूजा जिनालय में की गई। वहीं संध्या में महाआरती के बाद भक्तांबर पाठ किया गया।

# बुरी नियत से छेड़छाड़ करने पर दो युवकों पर हुआ मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

महिला एवं बच्चियों पर आए दिन मनचले शरारत करने में बाज नहीं आ रहे। कड़े कानून के बाद भी आवारा किस्म के लोगों में कानून का कोई डर नहीं है तभी तो आए दिन अखबारों में बलात्कार छेड़छाड़ जैसी घटनाएं समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल जाति हैं। प्रशासन इन मनचलों पर कड़ी कार्यवाही भी कर रहा है इसके बाबजूद ऐसे अपराध पर रोक नहीं लगना कहीं ना कहीं लापरवाही सामने आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सारंगपुर में सुनने को मिला। जिसमें धर्म विशेष के दो मनचले युवक खुलेआम चाट की दुकान पर दो युवती से छेड़छाड़ करने लगे तभी दो युवकों ने उनको रोका और उन्हे पुलिस के सुपुर्द किया। डरी सहमी नाबालिग बालिका भी आपबीती घटना को लेकर थाने पहुंच गई बालिका की रिपोर्ट पर सारंगपुर थाने में धारा 354 घ, 309, 11, 12 एससी एसटी एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला जांच में लिया है। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता के दौरान धर्म विशेष के युवकों द्वारा नाबालिक युवतियों से छेड़छाड़ का मामला गंभीर हो सकता था किंतु समाज एवं पुलिस प्रशासन ने तुरंत ही मामले को संज्ञान में लिया और मामला पंजीबद्ध कर अपराधियों पर पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। इस घटना को लेकर बड़ी संख्या में थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई थी। मामला दर्ज होने के बाद एवं आरोपी गिरफ्तार होने पर सब अपने अपने घर चले गए। वहीं हिंदू संगठन ने भविष्य में ऐसे कृत्य न हो इसके लिए प्रशासन से अन्य मनचले युवकों पर कड़ी कार्यवाही की बात कही।

# व्यापारियों को नोटिस के बाद मंडी में शुरू हुई उपज की तौल

## हरिभूमि ने प्रशासन का ध्यान करवाया था आकृष्ट


टैक्स चोरी कर बाहर ही उपज खरीद रहे गल्ला व्यापारी

जितनी तनख्वाह बंट रही, उतनी कमाई भी नहीं कर पा रही राजगढ़ मंडी

अधिकारी भी नहीं कर रहे कार्रवाई

**राजगढ़।** मुख्यालय पर स्थित होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों की उदासीनता एवं मंडी कर्मचारियों वव्‌ यापारियों की मिलीभगत के चलते राजगढ़ में मंडी होने के बाद भी कई सालों से वह बंद थी। मंडी में बाकायदा व्यापारी दर्ज थे पर उनके द्वारा मंडी के बाहर ही बगैर टैक्स चुकाए प्रतिदिन किसानों से हजारों रुपए का माल खरीदा जा रहा था। इसको लेकर हरिभूमि द्वारा खबरों के प्रकाशन के बाद चेते प्रशासन ने मंडी प्रबंधन से व्यापारियों को नोटिस दिलवाए। तब कहीं जाकर व्यापारियों ने बाहर से उपज खरीदना बंद किया और मंडी में निर्धारित टैक्स के बाद अब उपज की तौल शुरू हो चुकी है। कोई भी पंजीकृत किसान यहां आकर अपनी फसल बेच सकता है। उल्लेखनीय है कि शासन स्तर पर भी अब समर्थन मूल्य पर गेहूं व अन्य फसलों की खरीदी की तिथि में वृद्धि कर दी है। अब कृषकजन 20 मई तक समर्थन मूल्य पर उपज बेच सकते हैं। किसानों की सुविधा की दृष्टि से शासन ने यह कदम उठाया है।

## मतदाताओं को पीले चावल देकर वोटिंग का न्योता दिया



**ब्यावरा।** नगर पालिका परिषद ब्यावरा द्वारा लोकसभा चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये रईस खान मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान तिथी व महत्व बतलाया। मतदान अधिक से अधिक हो इसलिए स्वीप प्लान की गतिविधियों के अनुसार गुरुवार को समस्त मतदान केन्द्रों पर आकर्षक रंगोलियों से सजाया जाकर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान नगर के समस्त वार्डो में जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को 7 मई 2024 को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया गया है। इस दौरान रईस खान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रूपेश कुमार नेताम उपयंत्री, योगेन्द्र सिंह सौलंकी, संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित आमनागरिक मौजूद रहे।

# चोरी करने वालों को ब्यावरा पुलिस ने दबोचा

## एसपी के जिले में चोरियों पर अंकुश लगाने के निर्देश पर सिटी पुलिस की कार्रवाई

**ब्यावरा।** शहर में फरियादी मिलन मीणा ने ओप्पो कंपनी मोबाइल चोरी के संबंध में थाने पर अपराध क्रमांक 280/24 धारा 379 का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं फरियादी मयूर अग्रवाल ने थाने पर अज्ञात आरोपी के द्वारा दुकान के गल्ले में से 25 हजार रुपए चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट किया। जिस पर अपराध क्रमांक 285/2024 धारा 454,380 पचब का पंजीबद्ध किया जा कर विवेचना में लिया गया। एसपी आदित्य मिश्रा, एएसपी आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ एवं उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर टीम गठित कर मुखबिर, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अपराध क्रमांक 280 ६ 24 धारा 379 भादवि में तीन अज्ञात आरोपियों को पकड़ा गया, जिनका नाम पता पूछा गया जो तीनों बाल अपचारी पाए गए। तीनों बाल अपचारी से चोरी किया हुआ ओप्पो कंपनी का मोबाइल जप्त किया गया। इसी प्रकार अपराध क्रमांक 285/24 धारा 454, 380 आईपीसी में थाना प्रभारी द्वारा टीम घटित कर प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह मीना की विश्वसनी मुखबिर सूचना से अज्ञात आरोपी की तलाश सीसीटीवी फुटेज मुखबिर सूचना से पहचान कर आरोपी हेमंत पिता देवेंद्र सिंह राजपूत निवासी जय सिंह पुरा थाना चांचैड़ा गुना को पड़ा। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया गया एवं आरोपी से पूछताछ के दौरान आरोपी ने राजू उर्फ झब्बा पिता विक्रम जाटव के साथ मिलकर नगदी रुपए चोरी करना बताया जो फरार है। आरोपी हेमंत से चोरी हुआ मशूरूका नगदी रुपए आरोपी से जप्त किये गये आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

गौशाला की युवा टीम से किया संवाद

# गौ-संवर्धन बोर्ड अध्यक्ष ने किया मां जालपा गौशाला का निरीक्षण



**राजगढ़।** गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर श्री अखिलेश्वरानंद महाराज गुरुवार को मुख्यालय की संकट मोचन बड़ली स्थित मां जालपा गौशाला पहुंचे। यहां उन्होंने समिति द्वारा गौरक्षार्थ किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में और क्या कुछ अच्छा किया जा सकता है इसको लेकर गौशाला की सेवाभावी युवा टीम से संवाद किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष नवदीप सिंह लोहिया, गिरिराज शर्मा, अमन कारपेंटर, राहुल सोनी, अंकित वर्मा, पिंटू वर्मा, देवर्षि दुबे, कुलदीप सिंघी, यश वर्मा, सचिन सहित अन्य उपस्थित थे।

आयोजन...

# लोक अदालत 11 मई को, आपसी सुलह से निराकृत होंगे मामले

**राजगढ़।** इस माह आगामी 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। इस दौरान सभी तरह के कंपाउन्डेबल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा, जिसमें शासन पक्षकार रहती है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों निराकृत किए जाएंगे।

इस दौरान आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धनवसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावों से रिलेटेड मामले, श्रम एवं रोजगार विवाद संबंधित प्रकरण, बिजली बिल, जल कर वसूली के प्रकरणों, पति-पत्नी के पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों(तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधि तमामले, वेतन भत्ते व सेवानिवृत्ति लाभ के मामलों के निराकरण के प्रयास भी किए जाएंगे। लोक अदालत के संबंध में विधि-विधायी विभाग द्वारा सभी विभागों को भी इस बारे में लिख दिया गया है।

## रक्तदान शिविर भी लगवा रहा न्याय विभाग

आमजनों की सुविधा के लिए आयोजित हो रही लोक अदालत के न्याय विभाग द्वारा 4 मई को रक्तदान शिविर भी आयोजित करवाया जा रहा है। यह शिविर न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगा जिसमें न्यायाधीशगणों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व अन्य द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

# हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर पौधरोपण

## समिति ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया, कई पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं ब्यावर नगर के हिंदूवादी नेता स्वर्गीय फूल सिंह कुशवाहा की तृतीय पुण्यतिथि हिंदू उत्सव समिति के द्वारा स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ में इस अवसर पर कई पौधों का रोपण भी किया।

यहां उपस्थित सभी समाजजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके जीवन, उनके आदर्श और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही सभी लोगों ने उन्हें विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की और उनके द्वारा दिखाए मार्ग आदर्श को याद रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, गोपाल बादशाह, मुकेश सेन, चंदन अग्रवाल, अजय ठाकुर, नीरज शर्मा, कृष्णमोहन शाक्यवार, अखिलेश चौहान, विक्की साहू, रामबाबू प्रजापति, दीपककुमार सामरे, पुलकित साहू सहित कई लोग मौजूद थे। आभार हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने व्यक्त किया।

मेहनत की सराहना | मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

# कांग्रेस व रोटरी क्लब ने मजदूर दिवस मनाया बांटी मिठाई, हेल्थ चेकअप शिविर में 80 ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार शहर में मजदूरों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां कांग्रेसी नेता ने मजदूरों को मिठाई खिलाई तो वहीं रोटरी क्लब ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया और मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की।

बता दें कि मजदूरों के योगदान के सम्मान में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि देश के निर्माण में


विदिशा। मजदूरों के बीच मिष्ठान वितरित करते हुए ठा रणधीर सिंह दांगी।

- मजदूरों की निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई।

श्रमिकों के योगदान को याद करना है। इस दिन मजदूरों के काम की सराहना की जाती है।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने रविशंकर शुक्ल तिराहे पर मजदूरों को मिठाई खिलाकर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने बड़े-बड़े कारखाने और मकान बनाए हैं। आज के दिन हम मजदूरों के श्रम और मेहनत को याद करके उनके सम्मान में मजदूर दिवस मना रहे हैं। मजदूर दिवस के मौके पर रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मजदूरों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। मजदूरों की निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस मौके पर लगभग 80 से ज्यादा मजदूरों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा की गई।

## रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

शमशाबाद। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने को लेकर रामभक्तों में उत्साह का माहौल है। श्याम संकीर्तन परिवार के सदस्य दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश साहू देश ,सहित क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति के लिए कामना करने हाथ में राम ध्वज लेकर पैदल यात्रा अयोध्या धाम को रवाना हुए। दोनों रामभक्तों का जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पैदल यात्री दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश साहू ने बताया कि पांच सौ वर्षों वर्ष बाद सभी के आराध्य श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का सुअवसर आया हमारे जीवनकाल में आया इससे परम सौभाग्य और क्या होगा। हम अपने ईष्ट के विराजमान होने के पल की सुखद अनुभूति करने पैदल चलकर श्रीधाम अयोध्या पहुंच कर भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद् कोठरी जिला-सीहोर (म.प्र.)**

दूरभाष एवं फैक्स 07560-254150 E-mail ID : cmokothari@mpurban.gov.in

क्रमांक/462/पेयजल/2024 कोठरी, दिनांक 02.05.2024

// द्वितीय ई-निविदा सूचना //

एतद् द्वारा समस्त पेयजल सप्लायकर्ताओं/पेयजल स्त्रोत धारकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र कोठरी में ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिये ट्रेक्टर टेंकरों से पेयजल परिवहन कर निकाय द्वारा बताये गये स्थान पर उपलब्ध कराने हेतु प्रति टेन्कर/प्रति चक्कर के मान से निविदा दरें ऑनलाईन प्रक्रिया ई-टेण्डरिग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03.05.2024 प्रातः 10.30 AM से 09.05.2024 तक की शाम 05:30 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन /परिवर्तन होने पर प्रथक से सूचना जारी की जावेगी। निविदा से संबंधित सभी कोरिएण्डम/अडेण्डम सूचना ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | ई-निविदि क्रमांक | कार्य का विवरण | प्राक्लन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_347871_1 | ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिये स्वयं के ट्रेक्टर टेंकरों से पेयजल परिवहन कार्य। | 5.00 | 25000.00 | 2000.00 | सप्लाई आदेश से तीन दिवस में पेयजल परिवहन प्रारंम्भ कर दिनांक 30.06.2024 तक अथवा आवश्यकतानुसार |

नोट :- निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन होने पर प्रथक से सूचना जारी नहीं की जावेगी। निविदा से संबंधित सभी कोरिएण्डम/अडेण्डम सूचना ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोठरी
जिला सीहोर (म.प्र.)

खबर संक्षेप

## सरला देवी की स्मृति में गौशाला में किया दान



आष्टा। पार्वती धाम गौशाला नगर के धार्मिक नागरिकों के सहयोग से संचालित हो रही है मां पार्वती धाम गौशाला में गौ माता की देख रेख व बीमार पशुओं का उपचार निरंतर रूप से किया जा रहा है वरिष्ठ अभिभाषा राजमल धरवॉं की धर्मपत्नी स्वर्गीय सरला देवी धरवॉं की स्मृति में गौशाला की गौ माता के आहार व गौशाला निर्माण हेतु राधा कृष्ण धरवॉं एडवोकेट, सुरेशचंद्र धारवॉं, मुकेश चन्द्र धारवॉं,धीरज धारवॉं एडवोकेट, नितिन धरवॉं, विकास धारवॉं, सचिन धरवॉं, सौरभ धारवॉं एडवोकेट, रजत, प्रिंस, अनुराग एडवोकेट, प्रज्ज्वल एडवोकेट, उज्वल, विनायक, धारवॉं परिवार की ओर से 5100 रुपए की दान राशि मां पार्वती धाम गौशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को प्रदान की गई। साथी स्वयं के घर में गौ माता के दान हेतु गौ माता गुल्लक रखी गई थी जिसमें प्रतिदिन गौ सेवा के लिए दान राशि डाली जाती थी वह गुल्लक की राशि 2951 रूपए गौशाला को स्वर्गीय सरला देवी धारवॉं की स्मृति में राशि प्रदान की गई।

## सड़क हादसे में एक की मौत एक घायल

आष्टा। शुक्रवार दोपहर में भोपाल इंदौर हाईवे पर बेदाखेड़ी गांव उज्जैन से भोपाल की तरफ जा रहा एक बाइक सवार पिता पुत्र खंभे से टकरा गया। जिससे पिता की मौत हो गई पुत्र गंभीर घायल हो गए। जिसे आष्टा सिविल हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया। नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया है कि दोपहर में भोपाल इंदौर हाईवे पर बेदाखेड़ी के पास बाइक सवार राजेश पिता शिवनारायण ठाकुर 40 निवासी पिपलिया नाका उज्जैन अपने पुत्र रवि ठाकुर के साथ उज्जैन से भोपाल की तरफ जा रहा था तभी बेदाखेड़ी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गया। जिसमें राजेश ठाकुर की मौत हो गई। रवि ठाकुर गंभीर घायल हो गया जिसे आष्टा के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया।

### मतदाता जागरूकता के लिए कहीं निकली रैली, तो कहीं बनाई मानव श्रृंखला

# मतदान की अपील: हम अपने परिजनों, ईस्ट मित्रों को जागरुक कर मतदान जरूर कराएं



### मतदान करने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को कर रहे जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/खाचरोद/श्यामपुर

शुक्रवार को विकास खंड आष्टा के समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूल हायर सेकंडरी स्कूलो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलाई। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में मुख्य रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, माडल प्राचार्य सीएल पेठारी, सीएम राइज प्राचार्य सीतवत खान, प्राचार्य हाई स्कूल अलीपुर आजाद सिंह धांसू , कन्या हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य अमर सिंह परमार और समस्त शिक्षक, बच्चे, आगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अन्य विभाग के शासकीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खाचरोद में बूथ चले अभियान के तहत निकाली मतदाता जागरूकता रैली



खाचरोद। बुथ चले अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली शासकीय हाई स्कूल रोला गांव माध्यमिक शाला खाचरोद, प्राथमिक शाला आवली खेड़ा हाई स्कूल, पगारिया हॉट प्राथमिक शाला, नौगांव प्राथमिक शाला रोल गांव माध्यमिक शाला बड़कोला द्वारा आयोजित की गई। बुथ चले अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली सभी स्कूलों में निकाली गई। जिसमें मानव श्रृंखला व स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सभी ग्रामों में प्रभात फेरी निकाली गई। मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ ली। सभी स्कूलों के प्राचार्य हेड मास्टर ने सभी ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि सबको मिलकर वह अपने परिजनों, ईस्ट मित्रों को मतदान के प्रति जागरुक कर मतदान अवश्य करना है प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि पूरी सजगता के साथ अपने कर्तव्य का पालन करें मतदान लोकतंत्र का अभिनं अंग है मतदान अवश्य करें। इस मौके पर संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, हरि सिंह पेरवल, गंगाराम मालवीय, भारत महेश्वरी, अभय सिंह ठाकुर, बद्री प्रसाद वर्मा, लाखन सिंह ठाकुर, इलियास खान, बाबूलाल पेरवाल, शोभा राम, मांगीलाल सोलंकी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त, आशा कार्यकर्ता आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### मतदान हर नागरिक का कर्तव्य



जावर। मतदाता जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करता है। उक्त विचार मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने नगर में मतदाता जन जागरण तथा जागरूकता हेतु सी एम राइज विद्यालय जावर से आयोजित की गई वृहद स्तर पर रैली के समापन अवसर पर गांधी चौक पर कहे आगे आपने बताया कि यह एक नियमित सरकार के लिए मतदान महत्वपूर्ण तरीका होता है मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का भी यह एक सरल माध्यम है कार्यक्रम में प्राचार्य नितिन कौशल ने कहा की मतदान जागरुकता अभियान लोगो आकर्षित करता है कि वह अपने कीमती वोट का उपयोग करे इस अवसर शिक्षक मोहम्मद अकबर सिद्दीकी ने अपील करते हुए कहा कि मतदान से नागरिकों को अपनी चुनी हुई सरकार में अधिक भागीदारी सुनिश्चित होती है और सरकार भी जवाबदेही के साथ काम करती है आगे आपने बताया कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है यहां सभी को वोट देने का अधिकार मिलता है जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपने पसंद का लीडर चुन सकते हैं। यह एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य के रूप में भी परिभाषित होता है। इससे देश के आने वाले भविष्य पर गहरा प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी डी एस मेवाडा,उपप्राचार्य अजय कुमार मिश्रा, जयनारायण राठौर प्रधानाध्यापक,मुनेंद्रसिंह तोमर, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, कमलेश भरेवा, रामलाल मालवीय, अजीज मंसूरी, रोहित चिंतामणि, प्रदीप वैद्य, कुमेरसिंह ठाकुर, बलराम मालवीय, गजेंद्र विश्वकर्मा, पवन राठौड़, कमलेश खत्री, दारियावसिंह मालवीय, धर्मेंद्र खत्री, दिनेश मालवीया, रोहित मालवीय, कैलाश सिसोदिया, अड्डू खान, मधुसूदन जोशी,आदि सहित विद्यार्थी अपने हाथों में मतदाता जागरुकता अभियान से सम्बन्धित तख्तियां लेकर नगर के मुख्य बाजार,श्रीराम मंदिर परिसर, पीपली बाजार, नीम बाखल, छोटीमस्जिद, गंजपुरा,तथा मातामंदिर चोक होते हुए गांधी स्मारक चोक मुख्य बाजार पहुंचे जहा उपस्थित समुदाय को मतदान संबंधी सपथ दिलाई गई।


### श्यामपुर में चला अभियान



श्यामपुर। शुक्रवार को ग्राम पंचायत श्यामपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशासकीय स्कूल ग्राम पंचायत की बीएजी टीम प्रधानाध्यापक, ग्राम पंचायत श्यामपुर सचिव, शिक्षक, शिक्षिकाएं रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहायिका, स्वसहायता समूह की बहने व स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया।

## वीआईटी कॉलेज के तीन छात्र हुए दुर्घटना का शिकार

### हादसे में दो गंभीर, एक की हुई मौत



आष्टा। कोठरी के बास हुई बाईक और कार की टक्कर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा थाना अंतर्गत भोपाल इंदौर हाईवे पर कोटरी के पास एक बाइक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार एक छात्र की मौत हो गई, दो गंभीर घायल हो गए। जिनका भोपाल में उपचार चल रहा है। आष्टा थाना नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया है कि भोपाल इंदौर हाईवे पर कोटरी गांव में वीईटी कॉलेज है उसके तीन छात्र बाइक से आ रहे थे रोड पर करते समय कार ने टक्कर मार दी। जिससे एक छात्र की मौत हो गई है। जिसका नाम अशफाक बताया जा रहा है।

दो छात्रों का भोपाल में इलाज चल रहा है। मोटर साइकिल पर सवार वीआईटी के छात्र थे। कोठरी के पास दुर्घटना में वीआईटी के तृतीय वर्ष के तीनों छात्र देवानंद, आकाश, अशफाक गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनको गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान एक छात्र अशफाक की मृत्यु की ख़बर आ रही है। वहीं अन्य दो छात्रों में से एक की भी गंभीर स्थिति बनी हुई है। जिनका उपचार प्रायवेट अपोलो अस्पताल में जारी है। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि अर्टिगा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों छात्र दुर्घटना के बाद गंभीर घायल हो गए थे। सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भोपाल इंदौर हाईवे पर होती है। दरअसल भोपाल इंदौर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार तेज रहती है। इस हाइवे पर जरा सी लापरवाही दुर्घटना कारण बन जाती है। इस मार्ग पर अमलाह, कोठरी, पगारिया, डोडी, रिकॉर्ड जोड़, मेहतवाड़ा, जावर डेंजर जोन है। इन स्थानों पर जरा सी लापरवाही में दुर्घटना हो जाती है।

अधिकांश वाहन चालक तेज रफ्तार से चलते हैं। कई बार मोबाइल पर बात करते हुए और शराब पीकर वाहन चलाने से भी दुर्घटनाएं घटित हो जाती है। गांव के जोड़ पर बिना देखे वहां मोड़ने से सर्वाधिक दुर्घटनाएं भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर गांव के जोड़ पर बाइक चालक और ट्रैक्टर वाले बिना देखे ही हाईवे पर आ जाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन को देख नहीं पाते और आपस में टक्कर हो जाती है।

## गणेश पूजन कर शुरू हुआ ब्राह्मण परिणय उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा द्वारा आने वाली 10 मई को परशुराम जयंती के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 4 बरमीं कन्याओं का विवाह किया जाएगा जिसकी शुरुवात आज गणेश मंदिर आष्टा में समाज द्वारा भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण देकर कार्यक्रम की शुरुवात की समाज के अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने बताया की दिनाक 9 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जिसमे मेधावी विद्यार्थियो का सम्मान किया जाएगा वही 10 मई को विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा गणेश पूजन में समाज के कई वरिष्ठ,महिलाएं,कन्याएं और युवा संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया शपथ विधि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु सरावगी उड़ीसा से पधारी कर प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने शाखा आष्टा में तीन ब्रांचो की शपथ विधि करवाई। आष्टा, भोपाल, कुरावर शाखा विशेष सलाहकार विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी, आंचल प्रमुख सुमन मुंदड़ा, राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख ईंदू गर्ग व अंशु गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने शपथ विधि करवाई व नए अध्यक्षों को सचिव को कोषाध्यक्ष को बेच लगाए। शाखा आष्टा के सभी पदाधिकारीयों ने बाहर से पधारे हुए मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि को अभिनंदन पत्र व पौधे देकर सम्मान किया। अध्यक्ष रानी सोनी के कार्यकाल में सचिव अनीता शर्मा ने अपनी रिपोर्ट पढ़ी। आष्टा शाखा के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर अपने पैसों का सबने कलेक्शन कर कन्या शाला छात्रावास में स्कूल लाइब्रेरी में बच्चों की किताब रखने के लिए एक अलमारी भेट की। कोषाध्यक्ष ने उषा तिवारी ने प्रतीयअध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी का जीवन परिचय पड़ा संस्कृति समिति प्रमुख सरोज खंडेलवाल और पर्यावरण प्रमुख नेहा सोनी ने बाहर से पधारे हुए गैस्टो को पौधे भेंट किए। महिला सम्मेलन की सभी पदाधिकारी कोषाध्यक्ष उषा तिवारी से कोषाध्यक्ष शारदा सोनी, उपाध्यक्ष दुर्गा तिवारी, सह सचिव ज्योति सोनी, सरोज पालीवाल, उर्मिला, राजीव गुप्ता पत्रकार, सलाहकार विजयलक्ष्मी, गणेश उपाध्याय ,जीमीना श्रीवास्तव, नीलम सोनी, सुंदर संचालन सुनीता ऐलजपुरिया ने किया। शाखा की बहनों की ओर से समाजसेवीयो का व पत्रकारों का सम्मान किया। ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी, नगर पुरोहित डॉक्टर दीपेश पाठक, प्राचार्या संतोष शर्मा, टैलेंट स्कूल प्राचार्य सुदीप सर, रूपेश राठौर, पार्षद अंजलि विशाल चौरसिया, गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, पत्रकारगण सुशील संचेती, बाबू पांचाल, अबरार भाई, कमल पांचाल, किरण राका, राजीव गुप्ता, नीलेश शर्म, नवीन शर्मा, धनंजय जाट, कुमेर सिंह अवले, अंकित जैन, संजय वर्म, गणेश दुबे, गणेश उपाध्याय, गोविंद शर्मा, उत्तम नारायण तिवारी, रमेश छविलोक सहित अन्य पत्रकार, समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

## सायकल से शुरू की माता वैष्णो देवी की यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर के श्याम सिंह मुकाती, अनूप सिंह पटेल गुड़भेला, विजय मुकाती और सुधीर पांचाल साइकिल से मां वैष्णो देवी के दर्शन के निकले। मां वैष्णो देवी की दर्शन यात्रा साईकिल से शूरू करने से पहले चारो श्रद्धालुओं ने मां पार्वती नदी के तट पर स्थित प्राचीन शंकर मन्दिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से आर्शीवाद प्राप्त किया। इसके बाद चारो श्रद्धालुओं का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। और वैष्णो देवी की यात्रा की मंगल कामना करते हुऐ शुभकामना दी। इस दौरान भरू मुकाती, उमेश मुकाती, हरित मुकाती सहित कई लोग मोजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य रुकने से ग्रामीण हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बड़वेली से ग्राम दुपाड़यिा दांगी काकड़ कॉलोनी का निर्माण कार्य रुकने से ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का समय नजदीक है। पिछले 15 दिन से काम रुका हुआ है। काकड़ कॉलोनी के देवनारायण स्थान से पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर सड़क की नपती लेकर गए थे, लेकिन वहां से सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। काकड़ कॉलोनी के लक्ष्मण सिंह मेवाड़ा, राजकुमार सिंह मेवाड़ा, गुलाब मेवाड़ा ने कहा कि यदि काम शुरू नहीं हुआ तो हम विधायक से मिलकर सड़क का काम शुरू करने की मांग करेंगे। वहीं राम सिंह मेवाड़ा का कहना है कि बारिश का समय नजदीक है ठेकेदार कहता है कि बारिश से पहले सड़क निर्माण पूरा हो जाएगा जब काम ही बंद है तो सड़क का निर्माण पूरा कैसे होगा। अभी तो पुल-पुलिया का काम भी शुरू नहीं हुआ है। कहीं पत्थर भी नहीं डले है। अभी लोकसभा चुनाव है हम मतदान करने कैसे जाएंगे। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को ग्राम दुपाड़यिा दांगी काकड़ कॉलोनी रोड का निर्माण जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए है। वहीं ग्रामीणों ने भी रोड का जल्द काम शुरू करवाने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद उन्हें आश्वासन मिला कि हम इस मामले में जल्द आपकी समस्या का निराकरण करवाएंगे।वहीं सड़क बनाने वाले ठेकेदार ने कहा कि मैं बारिश के पहले सड़क का निर्माण पूरा करने की कोशिश करूंगा।क्या कहते अधिकारीपीडब्ल्यूडी विभाग के अफसर काम बंद होने पर जबाव देते है कि ठेकेदार के यहां शादी है इसलिए काम शुरू नहीं हो पा रहा है, तो वहीं कभी कहते है कि पेट्री ठेकेदार को काम दिया है। इनका कहना है अभी तो ठेकेदार ने सड़क बनाने का एग्रीमेंट ही नहीं किया है। स्वयं ने पत्थर पटक दिए है। पीएस ठाकुर, लोनिवि एसडीओइनका कहना हैविधायक सुदेश राय ने कहा कि रोड का काम क्यों शुरू नहीं हुआ मैं बात करता हूं।

### राजश्री कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# प्रतिभा खोज परीक्षा में अव्वल आए विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज आष्टा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन अप्रैल माह में किया गया था। प्रतिभा खोज परीक्षा में अव्वल आए विद्यार्थियों को 2 मई को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक बीएस परमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम मे तनु आर्य पिता राकेश आर्य शास स्कूल सेवदा ने प्रथम पुरस्कार के रूप में लैपटॉप प्राप्त किया। मोहन सोलंकी पिता गिरधारी लाल शास स्कूल खजूरिया कासम दूसरे स्थान पर रहे। जिन्हें पुरस्कार के रूप में पर्सनल कंप्यूटर प्राप्त हुआ।

तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले जगदीश चंद्रवंशी पिता बाबूलाल शास स्कूल पोलाय कला जिन्हें स्मार्ट टीवीण पुरूस्कार के रूप मे दी गई। विनय प्रजापति पिता सुदेश प्रजापति सीएम राइस हाई सेकेंडरी स्कूल आष्टा चौथा स्थान प्राप्त कर पुरस्कार के रूप में स्मार्टफोन प्राप्त किया। अमन चौधरी पिता राजेंद्र चौधरी ने भी चौथा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कार के रूप में स्मार्टफोन दिया गया। 5वे स्थान पर युवराज पिता अरुण कुमार शास मॉडल स्कूल आष्टा रहे जिन्होंने स्मार्टफोन मिला। आकाश गोयल पिता रेवाराम गोयल सीएम राइस आष्टा ने छठा स्थान प्राप्त किया। जिन्होंने पुरस्कार के रूप में साउंड सिस्टम प्राप्त किया। अभिषेक मेवाडा शास स्कूल सामरदा ने 7वां स्थान प्राप्त किया और पुरस्कार के रूप में साउंड सिस्टम प्राप्त किया। सुनील राय पिता गोपालसिंह शासकीय मॉडल स्कूल आष्टा ने आठवां स्थान प्राप्त किया और पुरस्कार के रूप में साउंड सिस्टम प्राप्त किया। सचिन मेवाड़ा पिता जीतमल मेवाड़ा शासकीय सीएम राइस स्कूल आष्टा जिन्होंने 9वा स्थान प्राप्त कर पुरस्कार के रूप में साउंड सिस्टम प्राप्त किया। अंकुश बागदिया पिता संतोष शासकीय सीएम राइस स्कूल आष्टा में दसवां स्थान प्राप्त किया और 11 से 15 स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को कीपैड मोबाइल पुरूस्कार के रूप में दिए गए। 16 से 20 तक स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट फाइल पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इसी प्रकार 21 से 50वे स्थान तक के सभी विद्यार्थियों को दीवार घड़ी पुरस्कार के रूप में दी गई। 51 से 100 तक सभी विद्यार्थियों को पेन व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

100 से अधिक शेष सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गयए। प्रतिभा खोज परीक्षा में शासकीय व अशासकीय 46 स्कूल से लगभग 850 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रतिभागी विद्यार्थी पालकगण महाविद्यालय विद्यार्थी एनएसएस के स्वयंसेवक व महाविद्यालय स्टाफ मे महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, ओमप्रकाश मेवाड़ा, सविता बैरागी, प्रहलाद मेवाड़ा, राहुल सेन, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, भैयालाल वर्मा, मनीष सोलंकी, अखिलेश सक्सेना, दीपिका जाधव, पूजा मेवाड़ा, पूजा परमार, माया मेवाड़ा, हिमांशु झवर, ममता तिवारी, कविता भूतिया, रवि मेवाड़ा, बहादुर सिंह, अरविंद यादव, रीना यादव, शिवराम परमार, रीना चौरसिया, अरिहंत जैन, तेजसिंह ठाकुर व महेश ठाकुर उपस्थित रहे।